श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
12.12.2024
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष द्वादशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 109

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 06:26 बजे
अस्त - 05:09 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 24 डिग्री से.
न्यूनतम : 15 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

गांव में घूम कर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण >> पेज 03
'वनवास' के प्रमोशन के लिए नाना पाटेकर... : पेज 04

**सुविचार**

अगर किसी चीज को दिल से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने में लग जाती है!

# एक लाख पदों पर होगी बहाली

# महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए सबसे पहले सत्र में मौजूद सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद संतोष गंगवार ने विधानसभा चुनाव जीतकर आये नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि आप में से कई सदस्य पूर्व में भी विधानसभा के सदस्य रहे हैं जबकि कई सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे हैं। इस विधानसभा में अनुभवी और नये सदस्यों का समागम हुआ है। सबको मिलकर जनादेश का सम्मान करते हुए जनभावनाएं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है। उन्होंने कहा कि जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से कार्य करना है। विधानसभा की आदर्श परंपराओं और कीर्ति को आप सबको मिलकर आगे बढ़ाना है। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य के परस्पर सहयोग से ही राज्य की जनता का चहुंमुखी विकास संभव है, इस अवधारणा के हम पक्षधर हैं। हमारी सरकार संघीय ढांचे की स्वस्थ परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करेगी तथा भारत की गरिमामयी विरासत का सम्मान करते हुए कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना के अनुरूप जनहित के व्यापक कार्य करेगी। आप सभी के माध्यम से राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गरिमामय और गौरवपूर्ण चर्चाओं का साक्षी बनेगा। यह सदन अपने विधायी कार्यों से झारखण्ड राज्य को प्रगति के शिखर तक ले जायेगा। राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में



जनप्रतिनिधि, जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति के प्रतीक होते हैं। षष्ठम् विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में एक मजबूत और स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है। यह सरकार झारखंड की मूल चेतना के साथ समावेशी विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ेगी। हमारी सरकार बिना किसी द्वेष के वंचितों को विशेष महत्व देने के मानवीय सोच के साथ सबको उचित अधिकार, सबको सुरक्षा और हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ समाज के वंचितों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों एवं गरीबों की खुशहाली के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के त्याग और बलिदान को हृदय में आत्मसात करते हुए द्वेष, घृणा, अहंकार, प्रतिशोध से दूर रहने का प्रण लेकर कार्य करेगी। झारखंडी अस्मिता को केंद्र में रखकर सजग, सुलभ, स्वच्छ, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से राज्य को प्रगति के उच्च शिखर पर ले जाने के लिए संकल्पित है।

### राज्यपाल ने गिनाईं उपलब्धियां

- केंद्र सरकार एवं उनकी कंपनियों के पास पड़ा राज्य का बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये वापस लाने के लिए राज्य सरकार कानूनी रास्ता भी अपनायेगी।
- हो, मुंडारी, कुड़ुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करेंगे।
- सरकार आदिवासी-मूलवासी को स्थानीय नीति बनाकर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत आरक्षण देने के लिये प्रतिबद्ध है।
- पांचवीं विधानसभा ने सर्वसम्मति से पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, आदिवासी को 28 प्रतिशत और दलित को 12 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक एवं सरना-आदिवासी धर्म कोड को पारित कर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है, जो अभी गृह मंत्रालय में लंबित है। इस कार्यकाल में केंद्र सरकार से इन विषयों को स्वीकृत कराने का हर संभव प्रयास करेंगे।
- वर्षों से खासमहल एवं जमाबंदी की जमीनों पर रह रहे परिवारों को मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ-साथ गैरमजरूवा जमीन पर बसे रैयतों की भूमि जिसकी रजिस्ट्री और रसीद काटने पर 2017 में रोक लगा दी गयी थी, उसे प्रारंभ किया जायेगा।
- राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जायेगा।
- सहारा इंडिया से पीड़ित राज्य के निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और संसद से लेकर सड़क तक हर मोर्चे पर पूरी मजबूती से लड़ी जायेगी, जब तक राज्य के सभी निवेशकों का भुगतान न हो जाये।
- राज्य के जिन सहारा पीड़ितों ने अपने प्राण गंवाये याद दुःख-अवसाद में आत्महत्या करने को मजबूर हुए, उनके परिजनों को सरकारी स्तर पर आर्थिक सहयोग दिया जायेगा।
- किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।
- मनरेगा के तहत झारखंड के मजदूरों को भारत सरकार बहुत कम मजदूरी देती है। इस भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने के साथ-साथ राज्य सरकार अपनी निधि से राज्य के मनरेगा मजदूरों को सहयोग करेगी, जिससे उन्हें न्यूनतम 350 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल सके।
- राज्य में अवस्थित विभिन्न नदियों एवं डैम के पानी का सदुपयोग करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गयी लिफ्ट इरिगेशन योजना को आगे बढ़ाते हुए 10,000 करोड़ रुपये की योजनाएं प्रारंभ की जायेंगी।
- राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना करेंगे। सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में खेल शिक्षक एवं संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जायेगी। साथ ही 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे।
- राज्य में प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं प्रत्येक अनुमंडल में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी।
- राज्य में 10वीं कक्षा में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुए 15 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।
- सभी प्रखंडों और जिलों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी सह शिक्षा सहयोग केंद्रों की स्थापना की जायेगी।
- केजी क्लास से पीएचडी तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी।
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।
- राज्य में 60,000 पदों पर शिक्षकों, 15,000 पदों पर प्रधानाध्यापकों, विभिन्न कार्यालयों में 2,500 पदों पर लिपिकों और विभिन्न थानों में 10,000 पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी।
- क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 10,000 पदों पर भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी।
- राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया जायेगा।
- अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का गठन किया जायेगा।
- राज्य सरकार की सभी नियुक्तियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पद आरक्षित किये जायेंगे।
- राज्य की सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि के रूप में 2,500 रुपये हर महीने दिये जायेंगे।
- आंगनबाड़ी सेविका, आंगनबाड़ी सहायिका, रसोईया, पोषण सखी, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया आदि के मानदेय में हमारी सरकार ने सम्मानजनक वृद्धि की है। इस कार्यकाल में इनके मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वार्षिक वृद्धि की जायेगी।
- राज्य में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी राखी मंडल की महिलाओं को 15,000 करोड़ रुपये का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।
- सक्रिय महिला, समन्वयक कार्यक्रम पदाधिकारी, जेएसएलपीएस से जुड़े सभी कर्मियों के मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वृद्धि की जायेगी।
- प्रत्येक ग्राम संगठन की 0 प्रतिशत ब्याज दर पर 15-15 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराया जायेगा।
- राज्य के सभी जरूरतमंद परिवारों को 15 लाख रुपये के अनुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ा जायेगा।
- राज्य के सभी गरीब व्यक्ति को प्रति महीने 7 किलोग्राम चावल और 2 किलोग्राम दाल उपलब्ध कराया जायेगा।
- अबुआ आवास योजना के तहत 25 लाख से अधिक गरीब परिवारों को सुविधायुक्त तीन कमरों का सुंदर आवास चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जायेगा।
- आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों के मध्याहन भोजन में सभी बच्चों को प्रति दिन अंडा या फल दिया जायेगा।
- रांची सहित राज्य के अन्य शहरों में वर्षों पूर्व बनाये गये घरों के नक्शों का नियमितीकरण किया जायेगा।
- वन विभाग के अंतर्गत इको टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का निर्माण करते हुए राज्य के वन क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए आवश्यक अवसंरचनाओं का निर्माण एवं संचालन किया जायेगा।
- राज्य कर्मियों की पुरानी पेंशन को सुरक्षित रखते हुए उनके एनपीएस खाते में जमा राशि को केंद्र सरकार से वापस लाने के लिए कदम उठाये जायेंगे।
- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाडियों की सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति की जायेगी।
- राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में बहुद्देशीय स्टेडियम सह खेल प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के साथ-साथ प्रत्येक प्रमंडल में 1-1 स्पोर्ट्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जायेगा।
- राज्य में फुटबॉल, हॉकी एवं तीरंदाजी जैसे खेलों में उपलब्ध प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के क्षमता विकास के लिए तीन बहुद्देशीय प्रशिक्षण संस्थानों का निर्माण किया जायेगा।
- राज्य में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जायेगी।

**न्यूज अपडेट्स**

## 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

**रांची।** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के तीसरे दिन बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए 6390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके बाद ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है। अनुपूरक बजट पेश होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कोयल नदी किनारे कसाब मोहल्ला में बाइक सवार अपराधियों ने बुधवार को सद्दाम कुरैशी (30) को गोली मार दी। युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे बांह में गोली लगी है। गोली मारने वाले अपराधियों की संख्या दो बताया जा रहा है। दोनों बाइक से पहुंचे थे। जख्मी युवक मेदिनीनगर की शास्त्री नगर निवासी नमिता देवी मर्डर केस में जेल जा चुका है। सद्दीक चौक से सटे एक दुकान में दिनदहाड़े नमिता देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## झारखंड में लगातार बढ़ रही ठंड, पलामू में 2.7 डिग्री गिरा पारा

# अगले पांच दिनों तक मौसम रहेगा साफ

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड में बारिश के बाद लगातार ठंड बढ़ रही है। साथ ही ठंडी हवाओं के साथ तापमान लगातार गिर रहा है। इसमें अभी और गिरावट की संभावना है। अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। राज्य में कम से कम 4 डिग्री तक तापमान में गिरावट आएगी। राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। अधिकतम तापमान अभी 27.6 डिग्री सेल्सियस



है। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। सुबह में कोहरा रहेगा लेकिन बाद में मौसम साफ हो जायेगा। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान बुधवार को 9.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान जमशेदपुर के अधिकतम तापमान में छह डिग्री की वृद्धि हुई है। राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री, डाल्टेनगंज में 1.4 डिग्री और बोकारो में 3.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। न्यूनतम तापमान की बात करें, तो रांची में 3.9 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 3.4 डिग्री, डाल्टेनगंज में 2.7 डिग्री और बोकारो में 3.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

अधिकतम तापमान में वृद्धि के बाद रांची का उच्चतम तापमान 22.4 डिग्री, जमशेदपुर का 26.7 डिग्री, डाल्टेनगंज का 25.2 डिग्री, बोकारो का 23.1 डिग्री और चाईबासा का 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा संघर्ष से उपजी पार्टी है : हेमंत सोरेन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने रांची में झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में कहा कि झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। लड़कर जीत हासिल की है और कभी हार नहीं मानी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के साथ करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद से झारखंड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार। आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पंहुचाकर मजबूत करने का काम करना है। वंचित और शोषित सहित समाज के सभी वर्गों को हक-अधिकार देने का काम करना है।



# सौंदर्य ब्यूटी पार्लर व सिलाई ट्रेनिंग सेंटर का हुआ शुभारंभ

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** शहर के चचेरिया बैल बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस के निकट रूप सौंदर्य ब्यूटी पार्लर, कॉस्मेटिक, सिलाई सेंटर एवं ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। पार्लर का उद्घाटन संचालक नीलम कुमारी ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काट कर किया। मौके पर पार्लर के संचालक नीलम व काजल कुमारी ने कहा कि महिलाओं की सुविधा के लिये शहर के पोस्ट ऑफिस के ठीक बगल में पार्लर खोला गया है, जो एयर कंडिशन है। इसमें ब्लीचिंग, फेशियल, बालों की कटिंग, वैक्सिंग, बालों को कलर व स्ट्रेट करना, पेडिक्योर और मेनिक्योर आदि के लिये एक्सपर्ट मौजूद होंगे जो किफायती दर पर बेहतरीन सेवा देने में माहिर हैं। ब्यूटी पार्लर व सैलून के सभी कार्य प्रोपराईटर काजल कुमारी की देखरेख में एक घरेलू वातावरण में कार्य होगा और लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध की जायेगी। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर जैसे छोटे जगह में इस तरह का प्रतिष्ठान खुलने से यहां की महिलाओं को काफी फायदा मिलेगा। अब उन्हें कही बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मौके पर पूजा कुमारी, स्नेहा कुमारी, वंदना कुमारी, आर्या कुमारी, जुली कुमारी, खुशबू कुमारी, अर्चना कुमारी, समृद्धि कुमारी, परी कुमारी, चाहत कुमारी, अंजलि कुमारी, खुशी कुमारी, रेनू कुमारी, जुली कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### छत से गिरने से बच्चा घायल

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के कैलान गांव में बीती रात्रि घर के छत से गिरने से अनिल कोरवा का डेढ़ वर्षीय बच्चा घायल हो गया। जिसे स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये 108 एंबुलेंस से गढ़वा भेजा गया। घटना के बारे में अनिल कोरवा ने बताया कि अपने घर के छत पर बच्चा अपने मां के साथ खेल रहा था। इसी बीच नजर हटते ही बच्चा छत के नीचे गिर गया।

### ऑटो, बाईक की टक्कर, 2 घायल

**भवनाथपुर :** टाउनशिप मुख्य मार्ग के देवी धाम के समीप एक ऑटो और बाईक के टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को राहगीरों ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिये भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया। घायलों में धनीमंडरा के अधेलिया टोला निवासी दिवाकर उरांव पिता बैजनाथ उरांव, रवि उरांव पिता पलटन यादव के नाम शामिल हैं। घटना के बारे में बताया जाता है कि उक्त दोनों युवक एक ही बाईक पर सवार होकर टाउनशिप जा रहे थे और भवनाथपुर से ही एक मकरी बरवारी टोला का ऑटो में लकड़ी लेकर टाउनशिप की ओर जा रहा था कि तीखे मोड़ पर ओवर टेक करने के दरम्यान बाईक और ऑटो में टकराव हो गया।

## खुशखबरी : आरपी सिंहा क्लिनिक के सामने बनेगा इनडोर स्टेडियम

# टाउन हॉल में मल्टी पर्पज हॉल

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** शहरवासियों को बहुत जल्द इनडोर स्टेडियम और मल्टी पर्पज हॉल के रूप में नयी सौगात मिलने वाली है। वार्ड 23 अंतर्गत नावाटोली नई मोहल्ला स्थित डा आरपी सिंहा क्लिनिक के सामने की 1.5 एकड़ जमीन पर जहां इनडोर स्टेडियम बनेगा। वहीं टाउन हॉल में मल्टी पर्पज हॉल बनाने की योजना तैयार की गई है। दोनों ही सौगातों को अमलीजामा पहनाने को लेकर डीसी शशि रंजन द्वारा स्थान निरीक्षण के बाद मंगलवार को डीडीसी शब्बीर अहमद एवं नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने प्रस्तावित स्थलों का जायजा लिया। प्रस्तावित इनडोर स्टेडियम के निर्माण को लेकर डीपीआर तैयार कर लिया गया है। इस स्थल पर कुछ अतिक्रमण हटाया जाना है। वहीं कुछ जर्जर भवनों को तोड़ने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। इनडोर स्टेडियम सह हेल्थ क्लब में कई तरह की गतिविधियां संचालित की जायेंगी। इसके लिये क्लब को विभिन्न प्रकार के उपकरणों से लैस किया जायेगा। इंडोर स्टेडियम में योगा केंद्र, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट, चेस सहित अन्य प्रकार के इनडोर गेम्स की व्यवस्थाओं से लैस किया जायेगा। इसके अलावे स्विमिंग पूल के साथ-साथ लोगों के मनोरंजन हेतु म्यूजिक सिस्टम युक्त बैठने का लॉन भी बनाया जायेगा। नगर आयुक्त ने बताया कि जल्द ही टेंडर कर इनडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि टाउन हॉल में एक मल्टी पर्पज हॉल के निर्माण से शहरवासियों को विभिन्न तरह के आयोजनों में सहूलियत होगी। इस हॉल में मैरेज हॉल, ओपन फूड कोर्ट आदि की व्यवस्था की जायेगी।



## जर्जर पड़े भवनों का भी किया आकलन

**मेदिनीनगर :** डीसी शशि रंजन के निर्देश पर डीडीसी व नगर आयुक्त ने शहर में जर्जर अवस्था में पड़े सरकारी भावनाओं का भी निरीक्षण किया। बता दें कि डीसी ने गत 3 दिसंबर को तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक में डीडीसी को शहर में अवस्थित कंडम पड़े बिल्डिंग की सूची बनाने को लेकर निर्देशित किया था। दोनों पदाधिकारियों ने समाहरणालय परिसर में अनुपयोगी पड़े कंडम हो चुके बिल्डिंग का जायजा लिया। इस दौरान पुराना योजना कार्यालय, पुराना जिला भू-अर्जन कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार परिसर, पुराना हाजत, पुराना अभिलेखागार, जर्जर पड़े पूर्ण शिक्षा भवन, खाली पड़े पुराना सदर व अंचल कार्यालय कोऑपरेटिव बैंक सहित अन्य खाली पड़े भवनों का निरीक्षण किया। इसके बाद सदीक चौक स्थित कर्मचारी क्वार्टर में जर्जर पड़ा अपर समाहर्त्ता का आवासीय परिसर का भी आकलन किया। उन्होंने पोखराहा के मेदनीराय मेडिकल कॉलेज व रजवाडीह के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के आसपास खाली पड़े सरकारी जमीन का भी आकलन किया गया। जर्जर और अनुपयोगी पड़े भवनों का सूची बनाकर डीसी को सौंपा जायेगा, जिसके पश्चात उपरोक्त भवनों से संबंधित उचित निर्णय लिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान सदर सीओ अमरदीप बलहोत्रा भी मौजूद थे।

# श्री बंशीधर नगर : जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध चला अभियान

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** जेएसएलपीएस जेंडर कैंपेन के अंतर्गत नई चेतना 3.0 एक साथ, एक आवाज, हिंसा के खिलाफ, जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2024 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को थाना परिसर में जेंडर शपथ कराया गया। मौके पर ये हमारी बारी है, अब पूरी तैयारी है, हमने ये ठाना है, हिंसा को मिटाना हैं। महिला अबला नहीं सबला हैं, जीवन कैसे जीना है उसका फैसला है। लड़का-लड़की एक सम्मान दोनों को दो पूरा सम्मान सहित अन्य नारे लगाये गये।एसआरपी वाजदा खातून, सभी जेंडर सीआरपी दीदी द्वारा महिलाओं और पुरुषों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर बीपीएम अविनाश शुक्ला, एसआई संजय पासवान, अनुज सिंह, राणा सिंह, डीईओ नीरज मिश्र, सीसी भारत कुमार, सत्येंद्र कुमार, पुष्पा कुमारी, आईपी आरपी प्रमोद कुमार, जेंडर सीआरपी अस्तरून निशा, सुनीता देवी, ममता कुमारी, कमला कुमारी, सुलेखा देवी, पूनम देवी, मायावती देवी, रूबी रवानी सहित अन्य उपस्थित थे।



## छेड़छाड़ एवं अभद्र गाली गलौज के मामले में मुखिया सहित अन्य लोगों पर प्राथमिकी

**मझिआंव :** थाना क्षेत्र के एक महिला ने थाना में लिखित आवेदन देकर पंचायत मुखिया एवं अन्य दो के खिलाफ प्राथमिक के लिये आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। घुरुआ खुर्द निवासी महिला हसीना खातून पति अगोश खां ने लिखित आवेदन देते हुये बताया है कि 9 दिसंबर को समय करीब 7:00 बजे रात्रि में मैं घर पर अकेली थी उसी समय मेरे ही गांव के महताब मुखिया आलम पिता तौजिद आलम खान के द्वारा मेरे घर में घुसकर मेरे साथ बदतमीजी भाषा का प्रयोग करने लगा और बोला कि जैसा मैं कहता हूं वैसा तुम करो नहीं तो गोली मार दूंगा और मेरे साथ इज्जत के साथ खिलवाड़ किया। जब मैं चिल्लाने लगी तो देखा कि मेरे घर के दरवाजे पर तमीज खान पिता स्वर्गीय क्यामू सेख, सोनू खान पिता साबिर खान एवं अजुब सेख पिता स्वर्गीय रेयाजू शेख के द्वारा महताब मुखिया को बुलाकर ले जाने लगे थे। सभी व्यक्ति जाने के क्रम में यह सभी व्यक्तियों के द्वारा बोला गया कि किसी को यह बात बताओगी तो तुझे तथा तेरे पति को गोली मार दूंगा। साथ ही महिला ने उल्लेख किया है कि मुझे डर है कि वह सभी व्यक्ति दबंग हैं कभी भी मेरे साथ घटना घट सकती है। इसलिये मैं थाना प्रभारी एवं आप सबों से निवेदन करती हूं की जांच पड़ताल कर उक्त सभी व्यक्ति पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की कृपा की जाय। इधर इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि महिला के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है। दोषी पाये जाने पर सभी को गिरफ्तार किया जायेगा।

## कुत्ते के हमले से ढाई दर्जन घायल

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र में एक आवारा कुत्ते के काटने से दहशत फैल गई। कुत्ते के हमले से लगभग ढाई दर्जन लोग घायल हो गये। यह घटना विभिन्न गांवों में हुई, जहां लोगों को अचानक कुत्ते के काटने का सामना करना पड़ा। घायलों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। सभी घायलों को तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों को एंटी-रेबीज वैक्सीन भी लगाया गया। ताकि संक्रमण का खतरा कम किया जा सके। सीएचसी के डॉक्टरों ने बताया कि अधिकतर घाव गंभीर नहीं थे, लेकिन वैक्सीन देना आवश्यक था। घायलों में भवनाथपुर निवासी बिनोद साह महुगंवा, विक्की कुमार, मुस्तकीम अली, हिमांशु कुमार, सुजीत कुमार सिंह, सुधू चन्द्रवंशी, आशीष कुमार, रंजना देवी, कोणमंडरा निवासी आदर्श कुमार, ढेकुलिया निवासी गोलू कुमार, पंडरिया निवासी आयुष राज सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## सीआरपीएफ हवलदार का शव पहुंचा गांव

**लेस्लीगंज :** धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ कैंप में तैनात हवलदार नंदकिशोर सिंह का शव मंगलवार की सुबह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के इटहे गांव में पहुंचा। शव पहुंचते की घर में कोहराम मच गया। नंदकिशोर सिंह का अमानत नदी घाट पर दाह संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि नंदकिशोर सिंह काफी मिलनसार व्यक्ति थे। वह जब भी गांव आते थे सभी से उनका मिलना-जुलना होता था। उनकी पत्नी एवं बच्चे मेदिनीनगर स्थित किराये के मकान में रहते थे। मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज के बगल में उन्होंने नया मकान बनवाया था। इधर नंदकिशोर सिंह के माता-पिता ने अपनी ही पतोहु पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनका बेटा नंदकिशोर पिछले कुछ दिनों से पत्नी को लेकर तनाव में था। नंदकिशोर सिंह बात-बात में कहते रहते थे कि पत्नी हमें जीने नहीं देगी। वह सारा धन संपत्ति अपने नाम करवा रही है। वो मुझे मरवा कर ही छोड़ेगी। गौरतलब हो कि नंदकिशोर सिंह (मृतक) धनबाद के टुंडी थाना क्षेत्र में तैनात थे। सोमवार को उन्होंने अपने ही रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।

## बीडीओ ने की बैंक कर्मियों के साथ बैठक

**कांडी :** बीडीओ राकेश सहाय ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में सभी बैंक के कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में मजदूर एवं किसानों के जनहित के लिये कई बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा की गई। जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड, किसान ऋण माफी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड के अलावें कई बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा किया गया। ताकि सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधा किसानों तक पहुंचे। यह योजना किसानों के लिये हितकारी हो जो बिना बिचोलीयों एवं दलालों के बिना लोगों तक इसका लाभ मिल सके। मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के एलडीएम के मिंज भारतीय स्टेट बैंक का कांडी के शाखा प्रबंधक दिवेश नारायण, झारखंड ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक प्रेम वर्धन, रिची मिंज, नीरज तिवारी, प्रखंड उद्यमी समन्वयक चंद्रशेखर कुमार मिश्रा, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज उमंग पांडेय, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ओमप्रकाश गुप्ता, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी के अलावे अन्य कई कर्मी मौजूद थे।

## नवजात शिशु के शव को फेंक कर ममता को किया शर्मसार

**सगमा :** संतान के लिये लोग दूर-दूर मन्नते मांगते फिरते हैं। बच्चे की एक आह पर मां-बाप का कलेजा निकल आता है, लेकिन दूसरी ओर कुछ ऐसे भी होते हैं जो ममता को शर्मसार करने में नहीं हिचकते हैं। सगमा प्रखंड के घघरी गांव के तेली टोला में स्थित पीपल के पेड़ के 100 मीटर की दूरी पर नवजात शिशु का शव बरामद किया गया है। जिससे मां की ममता एक बार फिर कलंकित हुई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों ने मंगलवार को घघरी गांव के तेली टोला में स्थित पीपल के पेड़ के 100 मीटर की दूरी पर नवजात का शव देखा। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना धुरकी पुलिस को दी। मौके पर ग्रामीण राजेश यादव, बीडीसी प्रतिनिधि, रवीन्द्र बैठा, वॉर्ड सदस्य, लोकेंद्र यादव, राजेश्वर राम चंद्रवंशी, अशोक ठाकुर, स्वदेश यादव, अरविंद यादव, श्रवण राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान

# अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में दिलायी गयी शपथ

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** जेएसएलपीएस जेंडर कैंपेन के अंतर्गत नई चेतना 3.0 एक साथ, एक आवाज, हिंसा के खिलाफ जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2024 तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को अनुमंडल अस्पताल परिसर में जेंडर शपथ कराया गया। इसके पूर्व अनुमंडल अस्पताल से लेकर कचहरी मोड़ तक जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली में महिलाओं के द्वारा बेटा बेटी एक समान सबको शिक्षा सबको सम्मान, नारी की पुकार अब न सहेंगे अत्याचार, चल बहिनिया मिलकर जाय, भेदभाव को दूर हटाये, महिला भी किसान हैं वह देश की शान है, आवाज दो हम एक है सहित अन्य नारे लगाये जा रहे थे। एसआरपी वाजदा खातून ने कहा कि सभी जेंडर सीआरपी दीदी द्वारा महिलाओं और पुरुषों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर राजेश कुमार, एमपीडब्ल्यू असफाक आलम, बीपीएम अविनाश शुक्ला, डीईओ नीरज मिश्रा, अनुज सिंह, भरत कुमार, सत्येंद्र कुमार, सीसी मनोज कुमार, राजकुमार राम, पुष्पा कुमारी, जेंडर सीआरपी अस्तरून निशा, ममता कुमारी, सुनीता देवी, परी देवी, समता देवी, पूजा देवी, पूनम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पूरा करने को लेकर बीडीओ ने की बैठक



बंशीधर न्यूज

**मझिआंव/बरडीहा।** बरडीहा बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने सरकार के महत्वाकांक्षी एवं जानोपयोगी योजनाओं की वृहद समीक्षा को लेकर पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और मंईयां सम्मान योजना की वृहद समीक्षा की। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास की धीमी प्रगति होने के कारण पंचायत सचिवों को स्पष्टीकरण निर्गत किया। इसके अलावा ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर रशीद अंसारी को भी स्पष्टीकरण निर्गत करते हुये दो दिनों के अंदर सभी लंबित रजिस्ट्रेशन और सैंक्शन योजनाओं को शून्य करने का निर्देश दिया। साथ ही जिस लाभुक का योजना सैंक्शन हो गया है उन लोगों को यथाशीघ्र पहले किस्त कि राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुये कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जानोपयोगी योजना में यदि विलंब पाया गया तो इसे भ्रष्टाचार माना जायेगा। कहा कि वर्तमान में मंईयां सम्मान योजना में बरडीहा प्रखंड में अभी भी 1400 लाभुकों का आवेदन पंचायत सचिवों के पास सत्यापन के लिये लंबित हैं। इसे एक सप्ताह के अंदर सत्यापित करने का निर्देश दिया। साथ ही मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के सभी अभिलेख सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। साथ ही मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

**न्यूज अपडेट्स**

## विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष के चुनाव को लेकर झड़प

**धुरकी :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कदवा गांव में उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति के चयन को लेकर इस विद्यालय में लगातार तीसरी बार भी विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन नहीं हो पाया। बताते चलें कि चिठ्ठी के अनुसार पूर्व में जो सदस्य एवं अध्यक्ष बन चुके हैं, वैसे लोगों को नहीं चुनना है। प्रबंधन समिति का गठन करने के लिये धुरकी प्रखंड के बीआरसी से प्रेक्षक गुलाम सरवर एवं प्रकाश मिश्र, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव वहीं धुरकी थाना के एएसआई अजय कुमार के मौजूदगी में प्रबंधन समिति का चयन को लेकर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता से चयन करने की बात आई तो पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने प्रेक्षक को गाली गलौज देने लगे। धुरकी बीआरसी से भगाने की भी धमकी देने लगा। जबकि प्रेक्षक गुलाम सरवर ने बताया कि जो प्रबंधन समिति का सदस्य पूर्व से इस विद्यालय में हैं वैसे व्यक्ति को चयन नहीं करना है, तभी सुरेंद्र यादव अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। अभिभावक ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य अंधेरे में धकेलने का काम कर रहे हैं। मौके अखिलेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र यादव, उपेंद्र गुप्ता, ओम प्रकाश यादव, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सुरेश भुईयां, राजू कुमार रजक, बसंत कुमार रजक, अक्षय पासवान, रामकेश यादव, अनिल यादव, केशव राम आदि मौजूद थे।

**स्वास्थ्य** सीएचओ को पसंद नहीं आता ड्यूटी करना!

# ड्यूटी के लिये कहे जाने पर दिया ट्रांसफर का आवेदन

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** प्रखंड क्षेत्र के एक स्वास्थ्य उप केंद्र में पदस्थापित अधिकारी को ड्यूटी करने की जनता की गुजारिश बहुत नागवार गुजरी। इस कारण उन्होंने जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन से अपना स्थानांतरण अन्यत्र कर दिये जाने की गुहार लगाई है। यह मामला कांडी प्रखंड क्षेत्र के अधौरा स्वास्थ्य उप केंद्र सह प्रसव केंद्र से जुड़ा हुआ है। ज्ञात हो कि 36 पूर्व वर्ष 1988 में स्थापित इस स्वास्थ्य उपकेंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी-सीएचओ अनुराधा लोध का डेढ़ साल पहले पदस्थापन हुआ था। इसकी जानकारी ग्राम वासियों को संयोग वश उनके पदस्थापन के कई महीना के बाद कार्यालय सूत्रों से प्राप्त हुई थी। क्योंकि उनका एक दिन भी स्वास्थ्य केंद्र में आगमन नहीं हुआ था। बाद की अवधि में भी उपकेंद्र में ना जाकर एक दो बार सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में एवं लोकसभा, विधानसभा चुनाव के दौरान ही मतदान केंद्र पर कुछ समय के लिये उनके दर्शन हुये थे। हाल फिलहाल में स्वास्थ्य उपकेंद्र अधौरा में लगातार ताला लटके रहने की घटना सुर्खियां बनी। इसके बाद विभाग ने केंद्र का ताला खोलने को लेकर पदस्थापित कर्मियों पर दबाव बनाया। जिसका नतीजा है कि करीब दो हफ्तों से ओपीडी अवधि में कुछ घंटे के लिए इस उप केंद्र का ताला खुलना शुरू हुआ। जो सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी को काफी नागवार गुजरा। इस विषय में पदाधिकारी की उपकेंद्र में अनुपस्थिति को लेकर जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार से बात की गई तो बताया गया कि सीएचओ ने अन्यत्र स्थानांतरण किये जाने का अनुरोध करते हुए उन्हें आवेदन समर्पित किया है। इसका मतलब यह हुआ कि सरकारी संस्थानों में पदस्थापित पदाधिकारी व कर्मचारी अपने घर में बैठकर वेतन लेते रहें। लेकिन उनसे ड्यूटी करने की बात कोई नहीं कहे। अगर ऐसा कहा जायेगा तो वह अपना ट्रांसफर करा कर वहां चले जाएंगे जहां उन्हें ड्यूटी नहीं करनी पड़े। लेकिन उनका वेतन नियमित रूप से भुगतान होता रहे। इस विषय में शिवपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, वार्ड सदस्य लालती देवी, नजमा बीवी, इसराइल अंसारी, नंदकुमार राम, सुरेंद्र यादव सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि यह सरकारी संस्थान केवल ताला बंद रखने के लिए नहीं खुला है। अगर यही रवैया रहा तो वे लोग शीघ्र ही इसकी लिखित फरियाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर करेंगे।

# भाषाएं अनेक भाव एक : सेक्रेटरी

## सनातन बीएड कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का समापन

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** रेहला स्थित एसबी पाण्डेय सनातन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बुधवार को एक सप्ताह से चल रही भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुये सेक्रेटरी वीएनएस पिल्लई ने कहा कि महाकवि सुब्रामण्यम भारती की जयंती को भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी लोग सभी भाषाओं का सम्मान करें। भाषा अनेक है लेकिन भाव एक है। उन्होंने कहा कि लोगों को मतृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषा का भी ज्ञान होना चाहिये। मौके पर प्रो संजीव कुमार पाण्डेय, शशिकान्त पाण्डेय, आनंद यादव, गरिमा यादव, सत्यवती तिवारी, रुपेश तिवारी सहित काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

**जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 का वार्षिक अधिवेशन**


# पूरे दमखम से सेवा करने का लिया संकल्प

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया करमटोली रांची के सभागार में फेडरेशन अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में फेडरेशन 8 के सभी ग्रुप के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्य ने भाग लिया। इस दौरान ग्रुप द्वारा पूरे साल किये गये सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही नये वर्ष में पीड़ित मानवता की सेवा में पूरे दम खम से सेवा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी, सेंट्रल कमेटी के सदस्य विनोद कपूर, अजयकांत पाठक, स्पेशल कमेटी के सदस्य डॉ हरे श्याम, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष केएस शोखी, एससी जैन, संतोष जैन, विनोद कमलापुरी, आरके चौधरी एवं एमपी केशरी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले सत्र में पास्ट प्रेसिडेंट फोरम की मीटिंग पास्ट प्रेसिडेंट फोरम के अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें चर्चा हुई कि पास्ट प्रेसिडेंट के अनुभव का लाभ सभी ग्रुप को कैसे मिले। बैठक के उपरान्त सभी ग्रुप को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा को परमानेंट प्रोजेक्ट हर महीना के तीसरे रविवार को ज्ञान निकेतन स्कूल मे होने वाले ह्रदय जांच शिविर के लिये एवं जायन्ट्स सेवा सप्ताह पूरे सप्ताह सेवा कार्य के लिये बेस्ट प्रोजेक्ट का अवार्ड मिला। गढ़वा ग्रुप एवं ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता को प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन अवार्ड एवं मोमेंटो सहित कुल चार अवार्ड प्राप्त हुये। मौके पर विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी ने जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहित सभी ग्रुप के द्वारा किये गये सेवा कार्यो की सराहना की। फेडरेशन एनुअल कॉन्फ्रेंस में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा से ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केशरी तथा फेडरेशन पास्ट प्रेसिडेंट फोरम के अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता सहित पांच सदस्यों ने भाग लिया।

## गांव में घूम कर जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**मेराल :** आनंद मार्ग प्रचारक संघ शाखा की ओर से बढ़ते ठंड के मद्देनजर मेराल के विभिन्न गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर आचार्य अनुरागानंद अवधूत ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है को केंद्र मानकर आनंद मार्ग द्वारा विभिन्न प्रकार का सेवा कार्य चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज गांव में घूम कर वैसे जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया जो वास्तव में असहाय, दिव्यांग तथा वृद्धजन शामिल थे। धर्मेंद्र देव ने कहा कि संस्था द्वारा सीमित लोगों तक ही सेवा प्रदान किया जा रहा है। जबकि अनेकों लोग जरूरतमंद है। उन्होंने अन्य लोगों के साथ-साथ सरकार से ससमय जरूरतमंदों के बीच कंबल, स्वेटर आदि गर्म वस्त्र वितरण करने का आग्रह किया। मौके पर शुभम देव आदि थे।

## दिनेश कॉलेज में भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम का समापन



**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में बुधवार को दो दिवसीय भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड के विभिन्न प्रशिक्षुओ ने अपने-अपने चार्ट और मॉडल के माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के भाषा एवं भाषायी विभिन्नता इत्यादि को प्रस्तुत किया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने भारतीय भाषा के महत्व को बताया और कहा कि किसी मनुष्य की पहचान उसकी भाषा से ही होती है। सहायक प्राध्यापक जनार्दन शुक्ला ने भारतीय भाषा के महत्व को बताया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु अमृता, अंजलि, मिथिलेश, शुभम, शाहिद, नेहा, सुप्रिया, श्वेता, संदीप इत्यादि ने शानदार प्रदर्शन किया। मौके पर सहायक प्राध्यापको में अरविंद तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, जनार्दन, आनंद कुमार चौबे आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो सगे भाई घायल



**कांडी :** थाना अंतर्गत मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य सड़क पर भंडरिया गांव के समीप नहर मोड़ पर बाईक अनियंत्रित होकर नहर पुलिया में जा टक्कराया। मामला मंगलवार की देर रात की है। बाईक पर सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान कांडी थाना क्षेत्र के सोनपुरवा निवासी सोहन कुमार मेहता एवं मनीष कुमार मेहता पिता उदय मेहता के रूप में की गई। ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस बुला कर दोनों भाई को रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा। जानकारी के अनुसार डॉ वीर प्रताप सिंह ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल मनीष कुमार को बेहतर इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में घायल दोनों युवकों ने बताया कि मोहम्मदगंज से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान दुर्घटना हो गई है।

## दो दर्जन बाईक जब्त

**मेदिनीनगर :** यातायात पुलिस ने छहमुहान चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया व सवारी वाहनों की जांच की गई। कई दोपहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट, ट्रिपल लोड व बिना लाईसेंस के गाड़ी चलाते पाये गये। पुलिस ने ऐसे दो दर्जन बाईक को जब्त कर जुमार्ना के लिये पलामू व्यवहार न्यायालय भेज दिया है। वहीं पकड़े गये एक कार को जुमार्ना के लिये जिला परिवहन कार्यालय भेजा गया है। उन्होंने बताया कि 39 हजार रुपया जुर्माना आया है।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**हुसैनाबाद :** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के बैरिया टोला भजनिया के पास रेलवे लाईन डाउन ट्रैक के खंभा संख्या 348/4 के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। घटना की सूचना मिलते ही मोहम्मदगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिये स्थानीय लोगों से सहयोग मांगा है।

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त


**लेस्लीगंज :** पलामू जिला खान निरीक्षक के अगुवाई में जिला खनन विभाग द्वारा गठित टीम ने लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जगतपुरवा बेदानी मुख्य मार्ग के मध्य विद्यालय कवलकेडिया के समीप अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।डीएमओ को गुप्त सूचना मिली थी कि लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध खनन किया जाता है। तत्काल सूचना के आधार पर कार्रवाई हेतु एक टीम गठित किया गया। जिसका नेतृत्व खान निरीक्षक हरेंद्र कुमार गुप्ता एवं लेस्लीगंज थाना से अजय कुमार सशस्त्र बल के साथ कर रहे थे। अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गई। जिला खान निरीक्षक ने बताया कि तीनों ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई के लिये न्यायालय को सुपूर्द कर दिया गया है।



## फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के लिए नाना पाटेकर व उत्कर्ष शर्मा काशी आएंगे

**वाराणसी।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता नाना पाटेकर और युवा अभिनेता उत्कर्ष शर्मा अपनी नई फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के सिलसिले में 13 और 14 दिसंबर को वाराणसी में रहेंगे। इस प्रमोशनल दौरे में दोनों कलाकार मीडिया से बातचीत करेंगे और स्थानीय प्रशंसकों से भी मिलेंगे। फिल्म के प्रसार टीम के अनुसार फिल्म 'वनवास' एक सामाजिक और संवेदनशील मुद्दे पर आधारित कहानी है, जो दर्शकों को एक नया अनुभव देने का वादा करती है। नाना पाटेकर अपनी दमदार अदाकारी और उत्कर्ष शर्मा अपनी नई पीढ़ी की ऊर्जा के साथ फिल्म को और भी खास बना रहे हैं। उत्कर्ष शर्मा इससे पहले अपनी भूमिकाओं के लिए युवा दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो चुके हैं, और इस फिल्म में उनका किरदार भी चर्चा में है। वाराणसी में प्रमोशन के दौरान, नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा मीडिया इंटरेक्शन के अलावा गंगा आरती में भी शामिल हो सकते हैं और शहर की सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करेंगे। यह दौरा फिल्म के प्रति दर्शकों में उत्सुकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। फिल्म 'वनवास' के निमार्ता और निर्देशक को उम्मीद है कि इस प्रमोशनल कैंपेन से फिल्म को व्यापक पहचान मिलेगी। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, और इसे लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है।

## किसी से नहीं चल रहा है मलाइका अरोड़ा का अफेयर



अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा का इस साल 2024 में अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हो गया, जिसे दोनों ने स्वीकार भी कर लिया है। इसके बावजूद एक्ट्रेस को कई बार एक मिस्ट्री मैन के साथ देखा गया। कभी वेकेशन पर तो कभी साथ में पार्टी करते हुए, जिसके बाद लोग कहने लगे कि ये उनका नया बॉयफ्रेंड है। उस मिस्ट्री मैन का नाम राहुल विजय बताया जा रहा है। मलाइका अरोड़ा का नाम उनके स्टाइलिस्ट राहुल विजय के साथ लंबे समय से जुड़ा हुआ है। हालांकि, एक्ट्रेस के एक करीबी शख्स ने दिए इंटरव्यू में इस बारे में बात की। शख्स ने कहा कि फिलहाल मलाइका की जिंदगी में कोई नहीं है। 'कृपया अपने तथ्यों की जांच करें। वह सिंगल है और बहुत खुश है। राहुल विजय, मलायका के बेटे अरहान के स्टाइलिस्ट हैं और इसलिए उनके दोस्त हैं। बात यहीं खत्म हो जाती है। ये अफवाह बिल्कुल बेवकूफी भरी और अजीब है। अरबाज खान से तलाक के बाद मलाइका ने अर्जुन कपूर को डेट की, लेकिन मलाइका का ये रिश्ता भी ज्यादा समय तक नहीं चल सका और दोनों अलग हो गए। मलाइका काम पर अधिक ध्यान देने लगी है। आज वह अकेली हैं और अपने बेटे और दोस्तों के साथ समय बिताती हैं।

## करीना कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर कीं पीएम मोदी से मुलाकात की तस्वीर



# जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र करे सरकार: हाईकोर्ट

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार अति शीघ्र जेपीएससी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति करे। कोर्ट ने यह बात बुधवार को जेपीएससी 11 से 13 सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार एवं रिजल्ट जल्द प्रकाशन करने को लेकर दाखिल पवन कुमार वर्मा की रिट याचिका की सुनवाई के दौरान कही।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने झारखंड सरकार को जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को भरने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी में अध्यक्ष का पद पिछले तीन माह से रिक्त रहने से कई नियुक्ति प्रक्रिया बाधित हो रही है। झारखंड वेलफेयर स्टेट है। यहां विधानसभा चुनाव होने के बाद एक पॉपुलर सरकार भी बन चुकी है। एक बेहतर स्टेट होने के नाते झारखंड में जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरे जाने की उम्मीद की जा रही है।

कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी के कैलेंडर के तहत अगस्त माह में साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी हो जानी थी। जेपीएससी के अध्यक्ष के पद रिक्त होने से कई अभ्यर्थियों को उम्र सीमा के नुकसान होने एवं उनके करियर पर असर पड़ने की भी संभावना है। झारखंड में नई सरकार का गठन हो चुका है। कैबिनेट की बैठक भी हो रही है और सदन की कार्रवाई भी चल रही है। इसके अलावा संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। ऐसे में जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर क्यों अब तक नियुक्ति नहीं हो रही है? सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के उचित कार्रवाई कर रही है। ऐसे में जेपीएससी अध्यक्ष का रिक्त पद जैसे ही भरा जाएगा। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई तत्काल शुरू हो जाएगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा।




## झारखंड हाई कोर्ट ने विधायक सरयू राय के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक की अवधि 10 जनवरी तक बढ़ाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने जदयू विधायक सरयू राय को मिली राहत बरकरार रखी है। अदालत ने बुधवार को उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव की ओर से दर्ज करवाए गए मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 10 जनवरी तक विस्तार दिया है। इसके साथ अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सरयू राय की याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। चुनाव के समय पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार मिलने से सरयू राय को बड़ी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि गोपनीय दस्तावेज के लीक मामले में विधायक सरयू राय के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव की ओर से मई 2022 में डोरंडा थाना में दर्ज करायी गयी थी। रांची के एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने आपराधिक साजिश रचकर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से संचिका के गोपनीय पन्नों की चोरी करने के आरोप में विधायक सरयू राय के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया है। मामले में आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है।

## युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के



प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद में कहा कि आज का भारत सबके प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवा इनोवेटर के पास 21वीं सदी के भारत को देखने का अलग नजरिया है, इसलिए आपके समाधान भी अलग होते हैं। ऐसे में जब आपको नई चुनौतियां मिलती हैं तो उनके नये और अनोखे समाधान खोजकर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि वह पहले भी हैकथॉन में भाग ले चुके हैं और युवा इनोवेटर्स ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। उन्होंने मनोबल बढ़ाया है। मोदी ने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए लगातार नए-नए समाधानों की जरूरत होती है। इनोवेटर्स की टीम के समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है।

Hit लिस्ट

## अविश्वास प्रस्ताव के लिए राज्यसभा के सभापति जिम्मेदार : खरगे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति के खिलाफ इंडी गठबंधन के अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि सभापति ने देश की



गरिमा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि हमें अविश्वास प्रस्ताव के लिए यह नोटिस लाना पड़ा। हमारी उनसे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी या राजनीतिक लड़ाई नहीं है। हम देशवासियों को बताना चाहते हैं कि हमने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए बहुत सोच-समझकर यह कदम उठाया है। कांस्टीट्यूशन क्लब में आज यहां आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में खरगे ने कहा कि उपराष्ट्रपति का पद दूसरे नंबर का सबसे उच्च संवैधानिक पद है। इस पद पर महाविद्वान डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डा. शंकर दयाल शर्मा, जस्टिस हिदायत उल्ला और केआर नारायणन समेत कई महान लोग रह चुके हैं।

## रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने



बुधवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक 1905 के रेलवे बोर्ड अधिनियम और 1989 के रेलवे विधेयक को एकीकृत करेगा। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज विधेयक पर पिछले दिनों हुई चर्चा का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड और रेलवे से जुड़े विधेयक को एकीकृत करने से रेलवे का विकास और कार्यदक्षता बढ़ेगी। विधेयक के माध्यम से कानूनी ढांचे का सरलीकरण होगा।

राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रांची में प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर सभी जिला अध्यक्ष और प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक

# राजद का सदस्यता अभियान बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक चलाना है : संजय यादव

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रांची में प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर सभी जिला अध्यक्ष और प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक बुधवार को हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संजय सिंह यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक चलाना है और संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान का रसीद जिला अध्यक्ष के माध्यम से सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष लेंगे और उन्हीं के माध्यम से प्रदेश कार्यालय में डिपॉजिट भी करेंगे ।आने वाले नगर पंचायत और नगर निगम के चुनाव की तैयारी में अभी से ही




राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं कार्यकताओं को करना चाहिए । एक-एक कार्यकर्ता नेता को पूरे जिम्मेवारी के साथ सदस्यता अभियान चलाना है और लालू प्रसाद यादव और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान का जो लक्ष्य है उसे हर हाल में पूरा करना है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर तक जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष को एक लक्ष्य बनाकर चलना चाहिए कि हमें कितना सदस्य झारखंड में बनाना है। सभी को निर्देश दिया कि सभी तन मन से लगकर सदस्यता अभियान में लग जाए और अधिक से अधिक सदस्य बनाएं। राजद के प्रधान महासचिव और मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड होते हैं। बगैर कार्यकर्ता के कोई भी व्यक्ति चुनाव नहीं जीत सकता है। इसलिए तन मन से सभी नेताओं कार्यकताओं को अपने अभियान में लग जाना चाहिए और अधिक से अधिक संख्या में झारखंड में सदस्य बनाने का लक्ष्य रखकर सदस्यता अभियान चलाना चाहिए। गांव से लेकर शहर तक सदस्यता अभियान चलाना है और पूरे झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल के संगठन को मजबूत करना है। बैठक को विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, सदस्यता अभियान के प्रभारी गिरधारी गोप,अनीता यादव,मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, युवा अध्यक्ष रंजन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)